भाजपा

# भारतीय जनता पार्टी, हरियाणा

भाजपा सरकार–सबकी सरकार

भा.ज.पा

## चुनाव घोषणा पत्र
## 2014

## बदलें हरियाणा के हालात
## चलो चलें मोदी के साथ

# अनुक्रम


| | |
|---|---|
| प्रस्तावना | 1 |
| संक्षेपिका | 2 |
| ग्राम विकास | 4 |
| कृषि एवं किसान विकास | 4 |
| गोवंश संवर्धन एवं अनुसंधान केन्द्र | 6 |
| सड़कों-मार्गों का निर्माण/पुनर्निर्माण | 7 |
| प्रदेश एवं नगर विकास | 7 |
| स्वास्थ्य | 8 |
| वरिष्ठ नागरिक | 8 |
| शिक्षा प्रणाली | 8 |
| छात्राओं के लिए | 9 |
| बालिका एवं महिला | 9 |
| खेलकूद | 9 |
| न्याय प्रणाली | 10 |
| बेरोजगार युवा वर्ग | 10 |
| व्यापारी एवं व्यवसायी वर्ग | 11 |
| कर्मचारी वर्ग | 11 |
| दस्तकार-शिल्पकार वर्ग | 12 |
| गरीब परिवार | 12 |
| महिला एवं बाल कल्याण | 12 |
| सामाजिक न्याय और सामाजिक समरसता | 13 |
| श्रमिक-मजदूर वर्ग, मनरेगा | 14 |
| सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) दृष्टिकोण एवं योजनाएँ | 15 |

# प्रस्तावना

भाजपा

हरियाणा प्रान्त का उदय हुए लगभग 48 वर्ष पूरे हो चुके हैं। इसके कर्णधारों ने अपने क्षेत्र, संस्कृति और विकास के सपने संजोये थे कि वे अपने प्रान्त को भारत में श्रेष्ठ बनाएंगे। समाज के निचले तबके तक सबका समान विकास होगा, दूध-दही की नदियाँ बहेंगी। जल-क्रान्ति और दुग्ध क्रान्ति से हरियाणा को मालामाल कर देंगे। इसी धरती पर सरस्वती माँ की गोद में पल्लवित हुआ वेदों का ज्ञान और भगवान् कृष्ण का सन्देश घर-घर में गूंजेगा। अब किसी द्रोपदी के केशों को छेड़ने वाले दुशासन का साहस नहीं होगा। उद्योग फलीभूत होंगे। जल-जंगल-जमीन और ईश्वर प्रदत्त संसाधनों का न्यायसंगत वितरण व समुचित प्रबन्धन समाज के प्रत्येक वर्ग को खुशहाल बनायेंगे। उच्च स्तरीय मानव मूल्यों संस्कृति की गंगा बहेगी। पर हुआ क्या ?

लम्बे समय तक इनेलो और कांग्रेस पार्टी के शासनकाल और विशेषकर पिछले दस वर्षों के भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के कुशासन ने हरियाणा की स्थापना करवाने वाले इस माटी के सच्चे सपूतों की आशाओं व सपनों को चकनाचूर कर दिया है। आज प्रान्त में जातिवाद, क्षेत्रवाद, परिवारवाद (ज्यादातर योजनाएँ चौ. मातूराम से शुरू होकर चौ. रणवीर सिंह के नाम पर खत्म होती हैं) भाई-भतीजावाद, नौकरियों में पक्षपात, सरकारी संसाधनों की लूट, वादों और झूठी घोषणाओं की भरमार आदि का नंगा नाच हुआ है। अधिग्रहण नीति के नाम पर किसानों की जमीनें राजघरानों और बिल्डरों को बेचकर उन्हें भूमिहीन बनाया जा रहा है। प्रांत में पंगु शासन के कारण करोड़ों रुपये के घोटाले, बेटियों से बलात्कार, अपहरण आदि की इतनी शर्मनाक घटनाएँ घट रही हैं कि स्वयं मुख्यमन्त्री के गृहक्षेत्र रोहतक में कन्याएँ आत्महत्या करने को मजबूर हो रहीं हैं। कांग्रेस के कुशासन व अराजकता के काल में गोहाना काण्ड, हरसोला काण्ड, मिर्चपुर काण्ड, भगाना काण्ड जैसे अनेक शर्मनाक अमानवीय जुल्म और अत्याचार की अनेक घटनाएँ दलितों, वंचितों पर हुई हैं। परिणामस्वरूप गरीब, दलित, महिलाएँ भय और असुरक्षा के माहौल में दु:खद जिन्दगी में सिसकने को मजबूर हैं।

काँग्रेस पार्टी के पिछले दस वर्षों में किसान भूमिहीन और भारी कर्जे के बोझ से दब गए हैं। प्रदेश का हर नागरिक 30,000 रुपए का कर्जदार हो गया है। प्रदेश बिजली के संकट से जूझ रहा है, लोगों के लिए स्वच्छ पीने का पानी नहीं है, प्रतिभावान शिक्षित युवक-युवतियाँ बेरोजगारी की दलदल में धँसते जा रहें हैं। लिंगानुपात बिगड़ गया है। प्रदेश की जनता में अनेक प्रकार के रोग बढ़ रहे हैं। नित नए कानून बनाए जाते हैं पर उन का क्रियान्वयन नहीं होता। वादों व आश्वासनों की झड़ी तो लगाते हैं पर अमल नहीं होता।

केन्द्र में श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने के 100 दिनों की शानदार उपलब्धियाँ हमारे सामने में हैं। इनमें मुख्यतया विदेशों से काला धन लाने के लिए SIT का गठन, किसानों को बिचौलियों के चुंगल से मुक्त कराने के लिए फलों एवं सब्जियों को कृषि उत्पाद मार्केटिंग कमेटी (APMC Act) से अलग करना, देश की जी०डी०पी० 5.7 प्रतिशत की दर पर लाना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना के अन्तर्गत करोड़ों-करोड़ों गरीब परिवारों को पाँच हजार रुपये के ओवरड्राफ्ट योजना सहित बैंकों में खाते खुलवा कर देश के खजाने में भागीदार बनाना आदि अनेकों ऐसे बड़े कार्य राष्ट्र हित में किये हैं जिनके दूरगामी परिणाम होंगे। इसी तर्ज पर माननीय नरेन्द्र भाई मोदी के विचारदर्शन को हरियाणा में लागू करने को भाजपा कृतसंकल्पित है।

आदरणीय भाइयो बहनो ! अब समय आ गया है कि हम महर्षि विवेकानन्द के शब्दों को स्मरण करें...... ''सभी शक्तियाँ आपके पास हैं, आप कुछ भी कर सकते हैं ऐसा विश्वास जगाइए और उठिए'' भाजपा के साथ, चलिए, नरेन्द्र मोदी के साथ चलिए। आइए हम सब मिलकर आगामी 15 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनावों में भारी संख्या में वोट देकर दो तिहाई बहुमत से भाजपा की सरकार बनाएँ।

**जय हरियाणा – विजय हरियाणा**
**सबका साथ – सबका विकास**

– प्रोफेसर गणेशीलाल
चेयरमैन
घोषणापत्र समिति-2014

# घोषणा-पत्र-संक्षेप में

- ★ **सुविधाएँ शहरों की-आत्मा गाँव की**
- ★ **चुस्त, जिम्मेदार और पारदर्शी-प्रशासन व्यवस्था**
- ★ **समान, समग्र, व्यापक और आधुनिक चतुर्दिक विकास**
- ★ **श्रम शक्ति को श्रम संस्कृति में बदलना**
- ★ **भ्रष्टाचार को जड़/मूल से समाप्त करना**
- ★ **भ्रष्टाचार से त्रस्त हरियाणा को खुशहाल हरियाणा में बदलना**
- ★ **अब भ्रूणहत्या नहीं होगी, माताएँ कन्या जन्म पर गौरवमयी होने की अनुभूति करेंगी।**
- ★ **शासन-प्रशासन अब परम्परा पर नहीं बल्कि पवित्र मानसिकता व मानवता पर आधारित होगा।**
- ★ भाजपा का फोकस-एरिया कृषि, ग्राम विकास, उद्योग, शिक्षा, सर्विस सेक्टर, युवा वर्ग, महिला वर्ग, अनुसूचित जातियों एवं पिछड़ा वर्ग का विकास, धार्मिक स्थलों को सांस्कृतिक-पर्यटन केन्द्रों के रूप में करना है।
- ★ आगामी पाँच वर्षों में प्रदेश की सकल घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी.) ग्रोथ रेट 10 प्रतिशत की जाएगी।
- ★ प्रदेश में जल क्रान्ति को धरती पर उतारना-अर्थात् जल प्रबन्धन नीति को कारगर बनाकर विकसित करना और नई सिंचाई योजना लागू करना। एस.वाई.एल. और हांसी बुटाना नहरों में पानी लाकर खेतों तक पहुँचाने का संकल्प।
- ★ दुग्ध क्रान्ति सुनिश्चित करने के लिए दुधारू पशुओं विशेषकर गोवंश संरक्षण और नस्ल सुधार, दूध-डेयरी उत्पादन को दोगुना करना।
- ★ नई हरित क्रान्ति को सुनिश्चित करना अर्थात् किसानों के हितों की सुरक्षा, फसलों में वृद्धि सुनिश्चित करना।
- ★ किसानों की जमीनों के स्वास्थ्य कार्ड जारी करना। खेतों के परिभाषित मार्गों को पक्का करना।
- ★ प्राकृतिक आपदा से फसलों के नुकसान की भरपाई हेतु कृषि राहत प्राधिकरण का गठन।
- ★ प्रदेश के प्रत्येक ब्लॉक मुख्यालय/मंडी को स्मार्ट टाउनशिप में विकसित करना।
- ★ प्रदेश में चौबीस घंटे बिजली और और प्रत्येक घर को शुद्ध जल आपूर्ति।
- ★ राष्ट्रीय तथा प्रदेश के राजमार्गों को चौड़ा करना और सभी ग्रामीण मार्गों को पक्का करना।
- ★ पर्याप्त बजट सहित प्राथमिक शिक्षाप्रणाली का स्तर ऊँचा उठाकर इसे विश्वस्तरीय बनाना।
- ★ स्कूल कॉलेज जाने के लिए छात्राओं को रोड़वेज की बसों में सुरक्षा गार्ड सहित नि:शुल्क यात्रा। कॉलेजों-विश्वविद्यालय में छात्र चुनाव बहाल करवाए जाएंगे।
- ★ हरियाणा में सरकारी स्कूलों, कॉलेजों में पढ़ाई का स्तर ऊंचा उठाकर प्राइवेट स्कूलों-कॉलेजों के बराबर करना, ई-लर्निंग को बढ़ावा।
- ★ कॉलेजों व विश्वविद्यालयों को अधिक धन, सुविधाएँ देने के साथ ही दो विश्वविद्यालयों को विश्वस्तरीय शिक्षा अनुसंधान केन्द्रों में विकसित करना। कुल मिलाकर भाजपा हरियाणा प्रान्त को बौद्धिक राजधानी के रूप में विकसित करेगी।

★ अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) नई दिल्ली की तर्ज पर हरियाणा में दो मेडिकल संस्थान खोले जाएँगे।
★ प्रदेश के 2 विश्वविद्यालयों को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विकसित किया जाएगा।
★ प्रदेश के परम्परागत खेलों को विकसित करने के लिए आई.पी.एल. की तर्ज पर हरियाणा स्पोर्टस लीग का गठन करना।
★ प्रत्येक गांव, कस्बे को ब्राडबैण्ड-इन्टरनेट व वाई-फाई. सिस्टम से जोड़ना।
★ छोटे दुकानदारों को न्यूनतम ब्याज पर ऋण प्रदान करना।
★ समाज के कमजोर तबकों, दलितों, महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और समग्र विकास के कार्यक्रम।
★ जन शिकायत निवारण के लिए ठोस व कारगर नीति बनाना।
★ अवैध खनन पर सख्ती से रोक लगाना।
★ महीने में 100 घंटे काम के बदले 12वीं पास बेरोजगार युवकों को 6000 रुपए व ग्रेजुएट युवकों को 9000 रुपए मासिक मानदेय की व्यवस्था।
★ कर्मचारियों की वेतन व पदोन्नति विसंगतियाँ दूर करना, पंजाब के समान वेतन।
★ बुजुर्गों व विधवाओं को 2000 रुपए मासिक पेंशन।
★ 5000 आबादी वाले प्रत्येक गाँव में प्रसूतिका गृह का निर्माण।
★ बुजुर्गों को एक सहायक सहित नि:शुल्क तीर्थ यात्रा का प्रबंध।
★ गरीबों को मुफ्त चिकित्सा, मुफ्त दवाई।
★ बी.पी.एल. परिवारों को 1 रुपए किलो अनाज।
★ दस्तकार-कामगारों के लिए बजट सहित शिल्पकार नियामक बोर्ड का गठन।
★ अनुसूचित जाति आयोग को सशक्त बनाना।
★ प्रदेश में टपरीवासी-विमुक्त जाति वित्त एवं विकास निगम का गठन।
★ व्यापारियों के लिए बिजनेस प्रमोशन बोर्ड का गठन।
★ दक्षिण-मध्य हरियाणा के लोगों के लिए पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय की विशेष खण्डपीठ का गठन।
★ प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में शिशु एवं 70 वर्ष से अधिक बुजुर्ग नागरिकों के लिए स्पेशलाइजेशन अर्थात् विशिष्टीकरण पर आधारित हस्पताल स्थापित करना।
★ बी.पी.एल. परिवारों को पक्के मकान।

## ग्राम विकास

देश की भाँति हरियाणा प्रान्त भी ग्रामीण प्रधान है और इसका समग्र विकास का मार्ग ग्राम विकास से होकर निकलता है। भाजपा इसी सिद्धान्त के प्रति कटिबद्ध है।

★ प्रत्येक गांव में बिजली, पीने के पानी, टेलिफोन आदि के बिल भरने, राशन कार्ड बनवाने, जन्म-मृत्यु पंजीकरण करवाने, विवाह पंजीकारण करवाने, सभी विभागों तथा उनके कर्मचारियों से सम्बन्धित शिकायतों के निवारण हेतु शिकायत, समाधान केन्द्र आदि की सुविधाएँ प्रदान की जाएँगी।

भाजपा

★ खेतों के लिए परिभाषित मार्गों को पक्का किया जाएगा।
★ प्रत्येक गाँव में 24 घण्टे बिजली प्रदान की जाएगी।
★ प्रदेश में सीवरेज प्रणाली का विस्तार किया जाएगा।
★ प्रत्येक घर में स्वच्छ पीने का पानी पहुँचाया जाएगा तथा दिन में कम से कम 2 बार इसकी सप्लाई सुनिश्चित की जाएगी।
★ ग्राम पंचायतों का विकास अनुदान बढ़ाया जाएगा और प्रत्येक जिले में विकास कार्यों में अग्रणी ग्राम पंचायतों को पुरस्कार स्वरूप अतिरिक्त अनुदान दिया जाएगा।
★ पाँच हजार जनसंख्या वाले प्रत्येक गाँव में आधुनिक सुविधाओं से युक्त प्रसूतिका गृह का निर्माण किया जाएगा ताकि जच्चा को डिलिवरी के समय दूर न जाना पड़े।
★ पंचायतीराज संस्थाओं को सशक्त किया जाएगा और पंचायतों के जनप्रतिनिधियों की जिला एवं प्रदेश स्तर पर नीति निर्धारण में भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।
★ भूतपूर्व सरपंचों एवं पार्षदों को मानदेय भत्ता दिया जाएगा।

## कृषि एवं किसान विकास

★ हरियाणा में दूसरी हरित क्रान्ति लाने को भाजपा वचनबद्ध है और उसके लिए भाजपा निम्न उपाय करेगी:-
★ कृषि भूमि के अन्तर्गत आने वाली भूमि के गुजरात सरकार के पैटर्न पर सोआयल हैल्थ कार्ड (भूमि स्वास्थ्य

कार्ड) जारी किए जाएंगे। ताकि भूमि की गुणवत्ता और उसके उपजाऊपन को निरन्तर बढ़ाया जा सके।
★ बँजर भूमि का सुधार, (रेही) ऊसर-नमी युक्त भूमि सुधार कार्यक्रम चलाया जाएगा।
★ वर्तमान दोषपूर्ण अधिग्रहण नीति को दोषमुक्त बनाया जाएगा और कृषि भूमि को कॉरपोरेट घरानों को नहीं बेचा जाएगा।
★ जंगली जानवरों में विशेषकर नील गायों से किसानों की फसलों को नुकसान से बचाने के लिए वाईल्ड लाईफ एक्ट के तहत फैसिंग करके उन्हें फोरेस्ट ऐरिया में रखने का प्रयास किया जाएगा।
★ खेतों की भूमि से गुजरने वाली हाई वाल्टेज तारों व खम्बों द्वारा घिरी भूमि का मुआवजा सम्बन्धित किसान को विद्युत सप्लाई कम्पनियों द्वारा दिलवाने का प्रावधान किया जायेगा।
★ किसानों की फसलों के दाम लागत मूल्य पर 50 प्रतिशत लाभ निर्धारित करके निर्धारित किए जाने की पद्धति अपनाई जाएगी। समय-समय पर बढ़ने वाली महंगाई दर के अनुरूप किसानों के उत्पाद/फसलों के दाम भी बढ़ाए जाएँगे।
★ छोटे किसानों और भूमिहीन किसानों को छोटी अवधि के लिए बगैर ब्याज ऋण प्रदान किए जाएँगे, जिन्हें किसान अपनी फसल बेंच कर अदायगी कर सकेगा।
★ किसानों की फसल बीमा योजना को अन्य भाजपा की प्रदेश सरकार की तरह लागू करेगी।
★ **प्रदेश में कृषि राहत प्राधिकरण गठित किया जाएगा** जो अल्प वर्षा, सूखा, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि, पाला, कीट प्रकोप इत्यादि संकटों से किसानों के हानि की क्षतिपूर्ति करेगा व राहत पहुँचाने का काम करेगा।

★ पोली हाउस, ग्रीन हाउस खेती को बढ़ावा देने सम्बन्धी योजना विस्तृत पैमाने पर लागू की जाएगी।

★ किसानों की फसलों की सुरक्षा के लिए व्यापक पैमाने पर कोल्ड-स्टोरेज, सुरक्षित भण्डार गृह स्थापित करने की प्रणाली विकसित की जाएगी।

★ किसानों के ट्यूबवैल व खेतों की ढाणियों में अपने पैसे से लगाई गई बिजली की लाइन, ट्रांसफार्मर का खर्च किसानों के बिजली बिल में ***एडजैस्ट*** करने का प्रावधान किया जाएगा।

★ डेरी उद्योगों को सशक्त बनाया जाएगा। **भाजपा प्रदेश में दुग्ध क्रांति लाने को संकल्पित है।** दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने का कार्यक्रम लागू किया जाएगा। प्रदेश के सभी वीटा दुग्ध प्लाँटों को आधुनिक और व्यापक बनाकर अमूल की प्रतिस्पर्धा के समकक्ष अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विकसित किया जएगा। इस प्रकार हरियाणा का चिर-परिचित नारा - ''देसां मैं देस हरियाणा-जित दूध दही का खाणा'' एक बार फिर विश्व पटल पर गूंजेगा। दुधारू पशुओं के स्वास्थ्य कार्ड जारी किए जाएंगे और उनकी बीमा योजना की व्यवस्था की जाएगी।

★ छोटे पशुपालकों में भेड़, बकरी, सुअर, मुर्गी पालन व्यवसायकारों आदि के पशु-पक्षियों की स्वास्थ्य जांच व्यवस्था की जाएगी और बहुत सस्ती दर पर उनके लिए बीमा योजना लागू की जाएगी।

★ सड़कों और खेतों के किनारे इमारती लकड़ी तथा फल प्रदान करने वाले पेड़-पौधे लगाने की योजना लागू की जाएगी।

★ **जल क्रांति का विचार हरियाणा में धरातल पर उतारा जाएगा।** इसके अन्तर्गत पूरे प्रदेश में और विशेषकर दक्षिणी हरियाणा में सिंचाई के सन्दर्भ में जल प्रबन्धन व्यवस्था और योजनाओं का नवीनीकरण करके उन्हें लागू किया जाएगा। इसी प्रकार हाँसी बुटाना नहर में पानी लाया जाएगा।

★ सतलुज-यमुना लिंक नहर परियोजना सम्बन्धी विवाद को सुलझाने के लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय में इसका निपटारा करवाकर हरियाणा के हिस्से का जल इसमें लाया जाएगा।

★ फसलों के बिक्री केन्द्रों की संख्या बढ़ाई जाएगी और किसानों की फसलों की कीमत का भुगतान 24 घण्टों में किया जाएगा।

★ बीज एवं खाद्य केन्द्रों की संख्या बढ़ाई जाएगी और समय पर उन्हें उपलब्ध करवाने की व्यवस्था की जाएगी।

★ प्राकृतिक आपदा के कारण फसलों को नुकसान होने पर मुआवजा काश्तकार को जिसके नाम वर्तमान गिरदावरी है, को दिया जाएगा।

★ यदि किन्हीं अपरिहार्य परिस्थितियों में कृषि भूमि अधिग्रहीत की गई तो भूमि पर किसान के लिए सम्बन्धित सेज़ विशेष आर्थिक जोन अर्थात् जोन/उद्योग में किसान के शेयर/हिस्सेदारी का प्रावधान रखा जाएगा।

## गौवंश संवर्धन एवं अनुसंधान केन्द्र

★ पशुधन व दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में हरियाणा प्रान्त आज मुर्रा नस्ल की भैंस के लिए विश्व विख्यात है। इसी तर्ज पर देसी गउओं की नस्ल सुधार, उनके संवर्धन और उनके दूध उत्पादन में बढ़ोतरी की अपार सम्भावनाएँ हैं। इस दिशा में प्रदेश में एक ऐसा पर्याप्त बजट सहित **विश्व स्तरीय गोवंश संवर्धन एवं अनुसंधान केन्द्र** स्थापित किया जाएगा।

★ भाजपा की सरकार 'देसां मैं देस हरियाणा: जित दूध-दही का खाणा' की प्राचीन कहावत को पुन: चरितार्थ करने को संकल्पित है। इसके लिए दुग्ध क्रान्ति का विचार-दर्शन को पूरा करने के लिए दुग्ध उत्पादन को दोगुना किया जाएगा। पशुपालन विभाग द्वारा प्रदेश में देसी गायों के साथ-साथ अन्य भारतीय नस्लों - जैसे साहीवाल, लालसिंधी, थारपारकर, नागौरी, गीर आदि गायों की संख्या बढ़ाकर किसानों-भूमिहीन किसानों को सौंपी जाएंगी।

★ गोवध निषेध कानून को सख्ती से लागू किया जाएगा।

★ पशु चिकित्सालयों का नवीनीकरण और उनमें पशु चिकित्सकों-कर्मचारियों की संख्या बढ़ायी जाएगी।

★ गांवों में चरागाहों को विकसित किया जाएगा और गउशालाओं को सरकारी अनुदान की व्यवस्था की जाएगी।

★ गोचरण भूमि को मुक्त करवाया जाएगा।

## सड़कों मार्गों का निर्माण/पुनर्निर्माण

★ सड़कों के विस्तार और सुधार हेतु प्रदेश में विशेषज्ञों की एक सलाहकार समिति का गठन किया जाएगा।

★ प्रान्त में राष्ट्रीय मार्गों को फोरलेन में विकसित किया जाएगा।

★ मुख्य प्रदेश राजमार्गों का भी फोरलेन में निर्माण किया जाएगा।

★ प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना नीति के अन्तर्गत प्रान्त में गाँवों से सम्बन्धित सड़कों का पुनर्निर्माण/सुधार किया जाएगा।

★ गाँव/शहरों में सभी कच्चे मार्गों को पक्का किया जाएगा।

## प्रदेश एवं नगर विकास

★ प्रदेश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए (जी.डी.पी.) की ग्रोथ रेट आगामी पाँच वर्षों में 10 प्रतिशत की जाएगी।

★ **प्रदेश के सभी ब्लाक मुख्यालयों/मण्डी टाउनशिप को विकसित करके** शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, रोजगार तथा सभी मूलभूत आवश्यकताओं व आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करके उन्हें स्मार्ट टाउनशिप में विकसित किया जाएगा।

- ★ वर्तमान बिजली उत्पादन संयंत्रों को सुचारु रूप से चलाने की व्यवस्था की जाएगी ताकि बिजली के उत्पादन की वृद्धि की जा सके और प्रत्येक खेत, उद्योग और प्रत्येक घर की जरूरत को पूरा किया जा सके।
- ★ प्रत्येक नगर में पर्यावरण का स्तर ऊँचा उठाया जाएगा। इनमें सार्वजनिक पार्क, सैरगाह, व्यामशाला और योग केन्द्र स्थापित किए जाएँगे।
- ★ नगरों में रेहड़ी वालों, फड़ी वालों, रिक्शा, ऑटो, टैक्सी स्टैण्ड के लाइसेंस देकर स्थान दिये जाएँगे।
- ★ शहरों में भीड़ वाले स्थान की सफाई तथा सुरक्षा व्यवस्था तथा जनसुविधाओं को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए विशेष नगर प्रबन्ध योजना लागू की जाएगी।
- ★ सभी अवैध कॉलोनियों को नियमित कर उनमें सुविधाएँ प्रदान की जाएंगी। डिस्ट्रीक्ट प्लानिंग बोर्ड को पुन: जीवित किया जाएगा। उनको योजनाबद्ध करने की नीति बनायी जाएगी।
- ★ शहरों/नगरों में आवश्यकतानुसार ऊपरगामी तथा भूमिगत पुल तथा पैदल पार पथों का निर्माण किया जाएगा। चौराहों को विकसित कर सुन्दर बनाया जाएगा।
- ★ शहरों/नगरों में पेयजल योजनाओं को अपग्रेड किया जाएगा तथा स्वच्छ पानी की आपूर्ति दिन में 2 बार सुनिश्चित की जाएगी।
- ★ प्रदेश की खनन नीति का पुनरवलोकन कर इसे ठीक किया जाएगा

## स्वास्थय

- ★ प्रत्येक बालक-बालिका, महिला एवं वृद्धों को अनिवार्य स्वास्थ्य कार्ड जारी किया जाएगा और उन्हें कुपोषण से मुक्त रखने के सन्दर्भ में बजट में विशेष तौर पर धनराशि का प्रावधान किया जाएगा।
- ★ मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग को अपडेट किया जाएगा।
- ★ State Liquor Policy का पुनरवलोकन कर इसमें जन-स्वास्थय को ध्यान में रखते हुए सुधार किया जाएगा।
- ★ प्राईवेट हस्पताल जिन्होंने सरकार से भूमि सस्ती दर पर ली है, उन द्वारा 25 प्रतिशत मरीजों का नि:शुल्क इलाज, स्वास्थ्य सेवाएँ (विभिन्न टैस्टों सहित) प्रदान कराने की नीति लागू की जाएगी।
- ★ सरकारी हस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आदि मरीजों को अनुदान प्राप्त हस्पतालों को रेफर कर सकेंगे।
- ★ दो लाख रुपए तक वार्षिक आय वाले परिवारों के लिए चिकित्सा मुफ्त दवाई योजना लागू की जाएगी।
- ★ शिशु एवं 70 वर्ष से अधिक के बुजुर्गों के लिए सभी आधुनिक सुविधाओं युक्त Specialization Based विशिष्टीकरण पर आधरित प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक हस्पताल खोला जाएगा।

## वरिष्ठ नागरिकों के लिए

- ★ वरिष्ठ नागरिकों को एक सहायक सहित नि:शुल्क तीर्थ यात्रा की योजना लागू की जाएगी।
- ★ प्रदेश में बुढ़ापा पेन्शन 2000 रुपए प्रतिमाह कर दी जाएगी।

★ 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए ऊपर उल्लिखित विशेष हस्पताल सुविधाएँ/व्यवस्थाएँ की जाएँगी।

## शिक्षा प्रणाली

★ माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव कराए जाएंगे।
★ 10वीं एवं 12वीं कक्षा के प्रतिभावन सभी विद्यार्थियों को लैपटॉप दिए जाएँगे।
★ बजट में विशेष प्रावधान सहित प्राथमिक शिक्षा प्रणाली का स्तर ऊँचा उठाकर इसे विश्वस्तरीय बनाया जाएगा।
★ सरकारी स्कूलों-कॉलेजों की शिक्षा का स्तर प्राइवेट स्कूल-कॉलेजों के समकक्ष करने की ठोस योजना बनाकर लागू की जाएगी।
★ सरकारी अनुदान प्राप्त स्कूलों एवं कॉलेजों को सरकार द्वारा अपने अधिकार (Take-over) में लेकर उनका संचालन किया जाएगा।
★ अतिथि अध्यापकों की सेवाओं को नियमानुसार नियमित किया जाएगा।
★ Earn While You Learn स्कीम को व्यापक बनाकर स्कूलों-कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में लागू किया जाएगा।
★ मान्यता प्रदान करने की शर्तों में विशेषकर भूमि और भवन की शर्तों को सरल कर सभी प्राइवेट स्कूलों-को मान्यता प्रदान की जाएगी और अस्थायी मान्यता/ परमिशन प्राप्त स्कूलों को स्थायी मान्यता प्रदान की जाएगी।
★ प्रदेश में सभी अनुदान प्राप्त स्कूलों-कॉलेजों के प्रबन्धन में पारदर्शिता लायी जाएगी।
★ राज्य के सभी जिलों में Veterinary and Live Stock Science Diploma Course शुरू किया जायेगा और प्रत्येक गाँव में VLDA नियुक्त किया जाएगा।
★ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विदेशों में शिक्षा हेतु जाने के लिए प्रदेश में एक उच्च स्तरीय शिक्षा का केन्द्र स्थापित किया जाएगा।
★ प्रदेश के 2 विश्वविद्यालयों को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के विश्वविद्यालयों के अनुरूप/समक्ष शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में विकसित किया जाएगा।
★ अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) नई दिल्ली की तर्ज पर हरियाणा में दो मेडिकल संस्थान खोले जाएँगे।
★ उत्तरी हरियाणा में पंचकूला/अम्बाला में गुरु गोविन्द सिंह विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी तथा नाडा साहेब पंचकुला से काला अम्ब तक सड़क का नाम गुरु गोविन्द सिंह मार्ग रखा जाएगा।

## छात्राओं के लिए

★ ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं के लिए सुरक्षा गार्ड युक्त **निःशुल्क जिला स्तरीय छात्रा बस सेवा** प्रदान की जाएगी।
★ शहरों में भी स्कूल-कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की छात्राओं के लिए हरियाणा रोड़वेज की बसों में फ्री बस पास और सुरक्षा गार्ड प्रदान किए जाएंगे।

भाजपा

## बालिकाओं एवं महिलाओं के मान-सम्मान व सुरक्षा के लिए

★ बलिका विद्यालयों, महिला महाविद्यालयों, ट्यूशन केन्द्रों व शिक्षण संस्थाओं के बाहर तथा बाजारों में भीड़ वाले स्थानों पर महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। इन स्थानों पर सी.सी.टी.वी कैमरे भी लगाये जाएँगे।

## खेल-कूद

★ भाजपा प्रदेश में खेल–कूदों को बढ़ाने को दृढ़ संकल्पित है। इसके लिए **भाजपा सरकार एक नई स्पोटर्स नीति लागू** करेगी जिसके अन्तर्गत प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर खेल स्टेडियम विकसित किए जाएँगे।

★ हरियाणा में परम्परागत/पारम्परिक खेलों को विकसित करने के लिए आई.पी.एल. की तर्ज पर अन्तर्जिला खेल–प्रतियोगिताएँ संचालित करने के लिए **हरियाणा प्रीमियर लीग का गठन किया जाएगा।**

★ विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों में खेल–प्रशिक्षकों व कोचों की संख्या बढ़ायीजाएगी।

★ राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर हरियाणवी विजेताओं के सम्मान/प्रोत्साहन राशि को बढ़ाया जाएगा।

## न्याय प्रणाली

★ भाजपा नागरिकों के लिए चुस्त–दुरुस्त, जवाबदेह सस्ती, सर्वसुलभ व न्यूनतम समय में न्याय दिलाने में विश्वास रखती है। इसके लिए प्रदेश के न्यायालयों में वर्षों से लम्बित मुकदमों के बैक लॉग को समाप्त करने के लिए जिला व तहसील स्तर पर नए न्यायालयों की स्थापना की जाएगी। न्यायधीशों व कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि की जाएगी।

★ प्रदेश में लोकपाल की नियुक्ति की जाएगी।

★ **दक्षिण–मध्य हरियाणा के लोगों की सुविधा के लिए पंजाब–हरियाणा उच्च न्यायालय की एक विशेष खण्ड पीठ का गठन किया जाएगा।**

## बेरोजगार युवा वर्ग

★ 12वीं पास बेरोजगार युवकों–युवतियों को महीने में कम से कम 100 घण्टे पार्ट टाइम जॉब/काम के बदले 6000 रुपये मासिक मानदेय तथा ग्रेजुएट व पोस्ट ग्रेजुएट बेरोजगार युवकों को 9000 रुपये मासिक मानदेय दिया जाएगा।

★ प्रदेश के रोजगार कार्यालयों की सूची में दर्ज बेरोजगार सभी युवक–युवतियों को नौकरी या काम के बदले मानदेय दिया जाएगा और इस तरह बेरोजगारों की सूची को रोजगार कार्यालयों से समाप्त कर दिया जाएगा।

★ बेरोजगार युवकों / युवतियों को रोजगार और उद्योग आदि स्थापना के लिए 10 लाख रुपए से 1 करोड़ रुपए तक के ऋण 3 लाख रुपए सब्सिडी सहित सरकार की गारण्टी पर देने की योजना बना कर लागू की जाएगी।

★ **शासन प्रशासन के अन्तर्गत आने वाले सभी सरकारी, अर्द्ध–सरकारी विभागों में नौकरियों का बैक लॉग भरा जाएगा।**

- हरियाणा में सभी प्राइवेट कम्पनियों-फैक्ट्रियों की नौकरियों में हरियाणा निवासियों के लिए 25 प्रतिशत नौकरियाँ सुनिश्चित करने का प्रावधान किया जाएगा।
- खेलों के क्षेत्र, शिक्षा एवं व्यासायिक पाठ्यक्रमों में अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले युवक/ युवतियों को राज्य सरकार में उपयुक्त नौकरी सहित सम्मानित किया जाएगा।
- हरियाणा में NCR क्षेत्र के अन्तर्गत रहने वाले लोग जो दिल्ली में प्रतिदिन नौकरी, व्यापार या अन्य कार्यों के लिए जाते-आते हैं उनके लिए विशेष ट्रेन चालू की जाएगी।

## व्यापारी एवं व्यवसायी वर्ग

- उद्योगपतियों को उद्योग स्थापित करने के लिए एकल खिड़की योजना लागू की जाएगी।
- हरियाणा में इंस्पेक्टर राज खत्म करके सेल टैक्स के फार्मों का सरलीकरण किया जाएगा।
- हरियाणा के व्यापारियों के हितों को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजना लागू की जाएगी।
- **प्रदेश में बिजनेस प्रमोशन बोर्ड का गठन किया जाएगा।**
- एच.एस.आई.डी.सी. HSIDC की कार्यप्रणाली का पुनरवलोकन करके इसका व्यापारी-उद्योगपतियों व प्रदेश के आर्थिक विकास की पक्षधर नीति के अनुरूप इसका पुनर्गठन किया जाएगा। अधिक से अधिक नए उद्योगों को स्थापित करने के लिए सरकारी प्लॉट/जमीन प्रदान करने की नीति को सरल बना कर लागू किया जाएगा।
- **उद्योगों को नाबाद आपूर्ति ( निरन्तर स्पलाई ) नीति पर आधारित नई बिजली नीति लागू की जागी।**
- 2011 की उद्योग नीति का पुनरवलोकन किया जाएगा।
- **प्रदेश में स्किल डेवलेपमेन्ट सेन्टर स्थापित किए जाएँगे।**
- प्रदेश में Quality Marketing Centre अर्थात् गुणवत्ताधारित व्यापार प्रमाण केन्द्र योजना को मजबूती से लागू किया जाएगा।
- हुडा (हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण) की दुकानों (HUDA Market) को दूसरी मंजिल इस शर्त पर बनाने की अनुमति का प्रावधान किया जाएगा कि दुकान मालिक उसे किराए पर नहीं दे सकेंगे।
- हरियाणा में ढाबों पर लगाया गया टैक्स हटाया जाएगा।
- छोटे दुकानदार, रेहड़ी, फडी व फेरी वालों वालों को 2 लाख रुपए तक का कर्ज न्यूनतम ब्याज दर पर देने का प्रावधान किया जाएगा। उनके लिए बीमा योजना लागू की जाएगी।

## नए उद्योग

- रोजगार की सम्भावनाओं को बढ़ाने एवं सभी क्षेत्रों में समान विकास सुनिश्चित करने के लिए पिछड़े क्षेत्रों में उद्योगों की स्थापना को भाजपा सरकार बढ़ावा देगी। इसके लिए कम से कम टैक्स लगा कर विशेष सहायता पैकेज की व्यवस्था की जाएगी।

# कर्मचारी वर्ग

★ प्रदेश के सभी सरकारी कर्मचारियों के बच्चों के लिए दिया जाने वाला शिक्षा भत्ता दोगुना कर दिया जाएगा।

★ प्रदेश में कर्मचारियों के सन्दर्भ में ठेका प्रणाली का पुनरवलोकन किया जाएगा और कर्मचारियों का पक्ष ध्यान में रख कर इसमें संशोधन किया जाएगा।

★ प्रदेश में सभी ग्रुप-डी से ग्रुप-ए के सरकारी, अर्द्ध-सरकारी कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों, पदोन्नति पॉलिसियों की खामियों को ठीक किया जाएगा।

★ सेना व अर्धसैनिक बलों से सेवानिवृत्त व होमगार्ड के जवानों की नियुक्ति के लिए जिला स्तरीय बोर्ड गठन किया जाएगा।

★ प्रदेश के कर्मचारियों को पंजाब के समान वेतन-भत्ते आदि सुनिश्चित किए जाएंगे।

★ कॉलेजों-विश्वविद्यालयों के प्राध्यापकों को यू.जी.सी. के छठे वेतन आयोग और सेवा शर्तों के अनुरूप वेतन, वेतन वृद्धि, प्रोमोशन, एमफिल, पी.एच.डी. धारकों को उनकी योग्यता अनुसार वेतन विसंगतियां दूर की जाएगी।

★ सरकारी/अर्धसरकारी कर्मचारियों को रिटायर होने के बाद 7 वर्षों में एक बार LTC पर 50% मदद सरकार द्वारा की जाएगी।

# दस्तकार - शिल्पकार वर्ग

★ अनुसूचित जातियों, पिछड़ा वर्ग तथा समाज के अन्य सभी कमजोर वर्गों के अन्तर्गत आने वाली जातियाँ जिनके परम्परागत पुश्तैनी काम धन्धे औद्योगीकरण के चलते प्रतिस्पर्धा में न टिक पाने के कारण समाप्त हो गए हैं और ये दस्तकार-कामगर जातियाँ बेरोजगार हो गई हैं उनके व्यवसायों को पुनः बहाल करने के लिए विशेष बजट प्रावधान, नई तकनीक, प्रशिक्षण सहित व्यापक कामगार पुनः स्थापना योजना लागू की जाएगी। आत्मनिर्भर रोजगार योजना के लिए Artisans' Regulatory Board **अर्थात् बजट सहित शिल्पकार नियामक बोर्ड का गठन किया जाएगा।**

★ मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कुम्हार समाज के लोगों को गाँव में भूमि देने का प्रावधान किया जाएगा।

★ जिला कारागार में कैदियों को वोकेशनल प्रशिक्षण देने का प्रावधान किया जाएगा।

# गरीब परिवार

★ प्रदेश के प्रत्येक गरीब परिवार को मध्य प्रदेश सरकार की तर्ज पर 1 रुपए किलो अनाज प्रदान किया जाएगा।

## महिला एवं बाल-कल्याण

- ★ पीड़ित और उपेक्षित महिला के आवेदन आने पर उसकी आर्थिक मदद सुनिश्चित की जाएगी।
- ★ नारी अबला नहीं सबला कार्यक्रम के अन्तर्गत महिला सुरक्षा तथा आत्मरक्षा हेतु स्कूलों/कॉलेजों/विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में आवश्यक प्रशिक्षण योजना लागू की जाएगी।
- ★ **प्रदेश में महिला पुलिसकर्मियों की संख्या वर्तमान से दोगुनी की जाएगी** और जिला मुख्यालयों पर आदर्श महिला थाने स्थापित किए जाएँगे। महिला उत्पीड़न मामलों को शीघ्र सुलझाने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्टों की संख्या बढ़ाई जाएगी।
- ★ प्रदेश की बी.पी.एल पॉलिसी का पुनरवलोकन करके केवल जरूरतमंद और उचित परिवारों को ही इसका लाभ सुनिश्चित किया जाएगा।
- ★ बी.पी.एल परिवारों में गर्भवती महिला को स्वस्थ जच्चा-बच्चा योजना के अन्तर्गत 10,000/- रुपए तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।
- ★ 2 लाख से कम आय वाले परिवारों में जन्मी कन्या के आत्मनिर्भर होने के लिए लाडली लक्ष्मी योजना के अन्तर्गत 21000/- रूपए उसके खाते में 16 वर्ष के लिए अथवा शादी तक 18 वर्ष/विवाह तक जन्म के समय अनुदान राशि दी जाएगी।
- ★ प्रत्येक गाँव में बालिकाओं के लिए विशेष खेल के मैदान, सांस्कृतिक केन्द्र तथा पुस्तकालय- वाचनालय स्थापित किए जाएँगे।
- ★ विधवा/बेसहारा महिलाओं के लिए विशेष रोजगार परक योजना लागू की जाएगी।
- ★ विधवा पेन्शन 2000 रुपए प्रतिमाह कर दी जाएगी।
- ★ बेघर, विधवा महिला को घर निर्माण के लिए 50 वर्ग गज का प्लॉट तथा मकान निर्माण के लिए 1 लाख रुपए दिये जाएँगे।
- ★ सभी महिला सफाई कर्मचारियों को नियमित दर्जा दिया जाएगा।

## सामाजिक न्याय और सामाजिक समरसता

- ★ भाजपा समाज के निम्न तबकों और विशेषकर सदियों से अस्पृश्यता से पीड़ित समुदायों का सामाजिक-आर्थिक स्तर उँचा उठाने और उन्हें विकसित तबकों के समकक्ष लाने में विश्वास रखती है। इसे सुनिश्चित करने के लिए भाजपा करेगी:-
- ★ प्रदेश में अनुसूचित जाति आयोग को अधिक शक्तियाँ देकर व्यावहारिक तथा कारगार बनाने के लिए इसका पुनर्गठन किया जाएगा ताकि अनुसूचित जातियों के लोगों पर होने वाले जुल्म-अत्याचारों की घटनाओं का निपटारा तुरन्त हो और अपराधियों को आवश्यक दण्ड सुनिश्चित हो।
- ★ भाजपा अन्त्योदय सिद्धान्त अर्थात् समाज के अन्तिम एवं वंचित व्यक्ति को न्याय दिलाने में विश्वास रखती है। इसके लिए अनुसूचित जातियों में जो जातियाँ आरक्षण की सुविधाओं से वंचित रह गयी या पिछड़ गयी हैं ऐसी जातियों कोआबादी के अनुसार आरक्षण का लाभ देने का प्रावधान सुनिश्चित किया जाएगा।

★ अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के अन्तर्गत आने वाली जातियों के बालक-बालिकाओं हेतु छात्रावास निर्माण के लिए जिला स्तर पर भूमि व अनुदान का प्रावधान किया जाएगा।

★ पाल गड़रिया जाति एवं अन्य समकक्ष जाति को अनुसूचित जाति/जनजाति में शामिल करने के लिए केन्द्र सरकार को सिफारिश भेजी जाएगी।

★ हरियाणा में घुमन्तू, अर्द्धघुमन्तू, टपरीवास विमुक्त जातियों को स्थायी रूप से बसाने, उनके रोजगारों को विकसित करने और उनके उत्थान के लिए बजट सहित टपरीवास-विमुक्त जाति वित्त एवं विकास निगम का गठन किया जाएगा।

★ अनुसूचित जातियों, पिछड़े वर्गों और कामगार परिवारों के आर्थिक विकास हेतु लघु-कुटीर उद्योगों को स्थापित करने के लिए 2 से 10 लाग रुपए तक के ऋण बगैर गारण्टी तथा सब्सिडी सहित सस्ते ब्याज अर्थात् 4 प्रतिशत वार्षिक दर पर प्रदान किए जाएंगे। इसके लिए अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम तथा पिछड़ा वर्ग निगम का वार्षिक बजट बढ़ाया जाएगा।

★ सभी सफाई कर्मचारियों को नियमित कर उनका न्यूनतम वेतन 15000 रुपये मासिक दर्जा कर दिया जाएगा।

★ जिन ग्राम पंचायतों या नगर पालिकाओं/नगर निगमों के पास पंचायती/सरप्लस भूमि नहीं होगी वहाँ सरकार जमीन खरीदकर सस्ते दामों तथा 20 वर्ष की सस्ती किश्तों के आधार पर ये प्लाट इन परिवारों को प्रदान करेगी।

★ बी.पी.एल. श्रेणी के अन्तर्गत आने वाले गरीब परिवारों को हाउसिंग सोसाइटियों द्वारा पक्के मकान बनवा कर दिए जाएंगे।

★ गुजरात सरकार की तर्ज पर दो लाख रुपए वार्षिक आय वर्ग के अर्न्तगत आने वाले गरीब परिवारों को 2 कमरों वाले मकान बनाकर 20 वर्षों की सस्ती ब्याज दरों पर प्रदान किए जाएंगे।

## श्रमिक - मजदूरों के लिए

★ हरियाणा में प्रतिदिन न्यूनतम मजदूरी 300 रुपए निर्धारित की जाएगी।

★ श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए मुफ्त शिक्षा, मुफ्त चिकित्सा योजना लागू की जाएगी।

★ असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में एक शिकायत-समस्या समाधान केन्द्र स्थापित किया जाएगा।

★ श्रम कानूनों में वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप संशोधन किए जाएंगे और श्रम न्यायालयों को अधिक कारगर बनाने के लिए अधिक शक्तियाँ दी जाएँगी।

## मनरेगा

★ महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार सुरक्षा एक्ट की योजना को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए इस योजना की खामियों को दूरकर उसे फुलप्रूफ बनाकर लागू किया जाएगा। इसके अन्तर्गत आने वाली धनराशि को स्थानीय आवश्यकताओं के साथ-साथ उत्पादकता के पैमाने से जोड़ा जाएगा। इसकी धनराशि को राज्य की ऐजेन्सी द्वारा पारदर्शिता सहित वितरित करने का प्रावधान किया जाएगा।

## सूचना प्रोद्योगिकी (आई टी) दृष्टिकोण एवं योजनाएँ

★ जनता के द्वारा पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम कार्यक्रम के तहत ई-गवर्नेन्स का सिस्टम लागू होगा।

★ सुशासन के लिए पूरे ई-गवनेएन्स सिस्टम को सुरक्षित, गतिशील व आसान बनाया जाएगा।

★ सभी सार्वजनिक स्थलों को वीडियो सुरक्षा के घेरे सी.सी. कैमरों द्वारा सुरक्षा के घेरे में लाया जाएगा।

★ सभी स्कूलों और कॉलेजों में इंटरनेट पर आधारित शिक्षा ई-लर्निंग की व्यवस्था की जाएगी। इनमें अंग्रेजी के साथ-साथ हिन्दी में भी शिक्षा दी जाएगी।

★ प्रत्येक कस्बे और गाँव को ब्रॉडबैण्ड-इन्टनेट व वाईफाई सिस्टम से जोड़ा जाएगा।

★ भूमि तथा संपत्ति के रिकार्डों को डिजिटल बनाया जाएगा। इस प्रयोजन के लिए जी.पी.एस. का इस्तेमाल किया जाएगा।

★ साइबर अपराध, साइबर पर आतंकवाद के हमले से चुनौती, उससे सुरक्षा के लिए एक स्वतन्त्र निकाय-डिजिटल सुरक्षा एजेंसी की स्थापना की जाएंगी।

★ जल संरक्षण, भूमि संवर्धन, अधिप्राप्ति, विपणन और किसान की ऋण आवश्यकताओं, तुरन्त निपटान हेतु आई.टी. का इस्तेमाल करते हुए तथा अनुसंधान एवं विकास के लिए प्रयोगशाला से लेकर जमीन तक पहुँचकर कृषि में क्रान्तिकारी बदलाव लाना प्राथमिकता होगी। इससे कृषि की उत्पादकता बढ़ेगी, खेती की लागत कम होगी और किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी।

★ प्रत्येक जिले में ई-लाइब्रेरी की व्यवस्था की जाएगी।

अत: आदरणीय भाइयो-बहनो, हम आगामी 15 अक्टूबर को होने जा रहे हरियाणा विधानसभा चुनावों के सन्दर्भ में आपसे अपील करते हैं कि अपना आशीर्वाद देते हुए भाजपा को भारी संख्या में कमल के फूल का बटन दबाकर दो-तिहाई बहुमत से भाजपा की सरकार बनाएँ। भाजपा वचनबद्ध है कि केन्द्र में आपके प्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन की तर्ज पर भाजपा सरकार हरियाणा में सुशासन, सर्वांगीण विकास, सबको सुरक्षा-सबको सम्मान और नेक इरादों सहित जनता को समर्पित हरियाणा की सरकार होगी।

### माननीय प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी का संदेश

# सबका साथ-सबका विकास

भाजपा